Rapid Fire (करेंट अफेयर्स) 27 दिसंबर, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-december-2019

मिग-27

करगिल युद्ध में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिये पहचाने जाने वाला लड़ाकू विमान मिग-27 भारतीय वायुसेना से रिटायर हो गया है। गौरतलब है कि मिग-27 ने लगभग 38 वर्षों तक भारतीय वायु सेना को अपने सेवाएँ दी हैं। भारतीय वायु सेना के बेड़े में 1985 में शामिल किया गया यह अत्यंत सक्षम लड़ाकू विमान ज़मीनी हमले की क्षमता का आधार रहा है। वायु सेना के सभी प्रमुख ऑपरेशन्स में भाग लेने के साथ मिग-27 ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भी एक अभूतपूर्व भूमिका निभाई थी।

सुशासन संकल्प वर्ष

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हाल ही में घोषणा की है कि राज्य में वर्ष 2020 को 'सुशासन संकल्प वर्ष' के तौर पर मनाया जाएगा और इस दौरान राज्य की जनता से शासन के संबंध में सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। खट्टर ने गुरुग्राम में राज्यस्तरीय 'सुशासन दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस उद्देश्य के लिये एक विशेष वेबसाइट तैयार की जाएगी जिस पर लोग अपने सुझाव दे सकेंगे। साथ ही वेबसाइट पर आने वाले सर्वश्रेष्ठ सुझावों पर राज्य सरकार विचार करेगी।

पोलियो मार्कर

पाकिस्तान की संघीय कैबिनेट ने भारत से केवल एक बार के लिए पोलियो मार्कर के आयात की अनुमति दी है। विदित है कि मार्कर से उन बच्चों की अंगुलियों पर निशान लगाए जाते हैं जिन्हें पोलियो वैक्सीन पिलाई जाती है। यह प्रक्रिया विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा स्वीकृत है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को समाप्त किये जाने के पश्चात् पाकिस्तान ने एकतरफा कदम उठाते हुए भारत के साथ होने वाले कारोबार पर रोक लगा थी जिसके कारण आम पाकिस्तानी नागरिकों को कई ज़रूरी दवाओं और अन्य उत्पादों की कमी का सामना करना पड़ रहा था।

वर्ष 2004 की सुनामी

तमिलनाडु के तटवर्ती क्षेत्र सहित दुनिया भर के कई हिस्सों में वर्ष 2004 में आई भीषण सुनामी (Tsunami) लहरों के कारण मारे गए हज़ारों लोगों की याद में 26 दिसंबर, 2019 को कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। हज़ारों लोगों की जान लेने वाली इस सुनामी की कल 15वीं बरसी थी। ध्यातव्य है कि इस प्राकृतिक आपदा से तमिलनाडु के कडलूर और नागापट्टिनम ज़िले सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। आधिकारिक आँकड़ों के मुताबिक राज्य में इस आपदा ने 7,000 से ज्यादा लोगों की जान ली थी।